Rural Electrification in M.P.

1719. SHRI SURESH PACHOURI : Will the Minister of POWER be pleased to state :

(a) what is the number of villages of Madhya Pradesh in which electrification has been completed, so far;

(b) what is the number of villages which are yet to be electrified in the State;

(c) whether Government have fixed any target of village electrification in Madhya Pradegh during the Eighth Five Year Plan period;

(d) if so, the details thereof; and

(e) by when the electrification of all the villages in Madhya Pradesh will be completed by Government ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : (a) and (b) The number of electrified and unelectrified villages in Madhya Pradesh are as under :—

Total No. of inhabited villages (as per 1981 Census)	Number of electrified villages as on 31-12-92 (as per 1971 Census)	Villages yet to be electrified
71352	65085	6267

(c) and (d) The statewise targets are decided on an year-to-year basis, during the Annual Plan discussions, keeping in view of the availability of financial resources and other necessary inputs for rural electrification programme.

(e) All the unelectrified villages will be electrified during the 8th and subsequent Five Year Plans, subject to availability of funds and other inputs.

सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ताप विद्युत सेट

1720 **श्री अजीत जोगी :**
श्री छोटूभाई पटेल :

क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान 200 मेगावाट और 500 मेगावाट क्षमता के कितने-कितने ताप विद्युत संयंत्र चालू किए गए थे;

(ख) उनमें से कितने सैटों की आपूर्ति भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स लिमिटेड द्वारा की गई थी और कितने सैटों का आयात किया गया था; और

(ग) आयातित सैटों की तुलना में भारत हैवी इलैक्ट्रीकल्स लिमिटड द्वारा दिए गए सैटों की प्रति मेगावाट क्षमता को रुपयों में औसत लागत कितनी है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) सातवीं योजनावधि के दौरान 500–500 मेगावाट की क्षमता के 11 ताप विद्युत यूनिटें और 210–210 मेगावाट की 39 यूनिटें चालू की गई थीं। इनमें से 500–500 मेगावाट की 2 यूनिटें और 210–210 मेगावाट की 8 यूनिटें आयात की गई थीं शेष यूनिटें स्वदेशी निर्मित थीं।

(ग) 7वीं योजना के दौरान चालू की गई 210/500 मेगावाट क्षमता वाली आयातित और स्वदेशी तापविद्युत यूनिटों की प्रति मेगावाट औसत पूंजीगत लागत का ब्योरा निम्नवत् है :—

(लाख रु० में)

यूनिट क्षमता (मे० वा०)	आयातित यूनिटों की प्रति मेगावाट लागत	स्वदेशी यूनिटों की प्रति मेगावाट लागत
500	242	79
210	112	113